06/04/2025

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वक्फ विधेयक, 2025 को अपनी मंजूरी दे दी है, जिसे इस सप्ताह संसद द्वारा पारित किया गया था। राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद, यह एक कानून बन गया है। गुरुवार को लोकसभा में इस विधेयक को 288 सदस्यों ने समर्थन दिया और 232 ने विरोध किया। जबकि शुक्रवार को राज्यसभा ने विधेयक को पारित कर दिया, जिसमें 128 सदस्यों ने इसके पक्ष में और 95 ने विरोध किया। राष्ट्रपति ने मुसलमान वक्फ निरसन विधेयक, 2025 को भी मंजूरी दे दी। आकाशवाणी संवाददाता की रिपोर्ट है कि केंद्र सरकार इस नए कानून के माध्यम से देश में वक्फ संपत्ति प्रबंधन के शासन, पारदर्शिता और दक्षता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण सुधार पेश करना चाहती है।

0000000000000000000000

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने कल राजभवन, ईटानगर में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के टी परनायक से मुलाकात की। बैठक में अरुणाचल प्रदेश में कृषि विकास को आगे बढ़ाने और राज्य में केंद्रीय कृषि योजनाओं के कार्यान्वयन और संवर्द्धन से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया। बैठक के दौरान राज्यपाल ने अरुणाचल प्रदेश में उत्पादकता बढ़ाने और किसानों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के लिए कृषि क्षेत्र में आधुनिक और नवीन तकनीकों को शुरू करने और बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने राज्य द्वारा की गई पहल की सराहना की और राज्यपाल को अरुणाचल प्रदेश में कृषि उत्पादकता और किसान कल्याण को बढ़ाने में केंद्र सरकार के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

00000000000000000000000

प्रो. डॉ. तानी नातुंग और NEIGRIHMS, शिलांग के डॉक्टरों की उनकी टीम को 3-6 अप्रैल, 2025 को नई दिल्ली में आयोजित 40वें Asia-Pacific Academy of Ophthalmology Congress के दौरान 'Best of Indian Journal of Ophthalmology Award' मिला है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार आँखों में मोतियाबिंद सर्जरी के बाद अपवर्तक परिणामों की सटीकता की भविष्यवाणी करने के लिए किए गए शोध के लिए दिया गया था। यह शोध दुनिया भर के नेत्र रोग विशेषज्ञों के लिए मोतियाबिंद सर्जरी के परिणामों को बेहतर बनाने में एक मूल्यवान मार्गदर्शक के रूप में काम करेगा।

0000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग ने आज इटानगर में APPSCCE-मेन्स 2024 परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित की। चार दिवसीय परीक्षा नए और मौजूदा अरुणाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग भवनों में आयोजित की जा रही है। अगले तीन पेपर कल, बुधवार और गुरुवार को निर्धारित किए गए हैं। परीक्षा का सुचारू और निष्पक्ष संचालन सुनिश्चित करने के लिए, वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों को पर्यवेक्षक और समन्वयक के रूप में नामित किया गया है। APPSCCE चार साल के अंतराल के बाद 140 रिक्तियों के लिए आयोजित की जा रही है।

इससे पहले, मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में APPSCCE-मेन्स 2024 के लिए उपस्थित होने वाले सभी उम्मीदवारों को शुभकामनाएं दीं। खांडू ने अपने पोस्ट में उम्मीदवारों से शांत रहने, आत्मविश्वास बनाए रखने और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने का आग्रह किया।

0000000000000000000000

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई ने आज ईटानगर में राज्य भाजपा मुख्यालय में 46वां स्थापना दिवस मनाया। यह उत्सव पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण था, जिन्होंने संस्थापक नेताओं को श्रद्धांजलि दी और पार्टी के मिशन के प्रति निरंतर समर्पण का संकल्प लिया। सभा को संबोधित करते हुए, राज्य भाजपा अध्यक्ष कलिंग मोयोंग ने इस अवसर पर सभी भाजपा कार्यकर्ताओं, समर्थकों और नेताओं को हार्दिक बधाई दी। 46वें भाजपा स्थापना दिवस और डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में, राज्य भाजपा इकाई ने आज से 14 अप्रैल तक एक सप्ताह तक चलने वाले समारोह की घोषणा की है।

00000000000000000000

बीसवां तादार तांग राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 का लीग चरण कल समाप्त हो गया, जिसमें रोमांचक मैच और उल्लेखनीय प्रदर्शन देखने को मिले। टीमों ने नॉकआउट चरण में जगह बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिया, जिसमें कई मुकाबलों में कड़ी टक्कर देखने को मिली। लीग चरण के पूरा होने के साथ ही आठ टीमें आधिकारिक तौर पर क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं।

लोअर सुबनसिरी, पापुम पारे, कैपिटल कॉम्प्लेक्स, केई पन्योर, वेस्ट सियांग, नामसाई, चांगलांग और सियांग प्रतिष्ठित खिताब के लिए अपनी खोज जारी रखेंगे।

0000000000000000000

राजीव गांधी विश्वविद्यालय में कल से 9 अप्रैल तक होने वाले XIII इंटर-कॉलेज यूथ फेस्टिवल 2025 में आरजीयू के विभिन्न संबद्ध कॉलेजों के छात्र भाग लेंगे। मुख्यमंत्री पेमा खांडू और नामसाई के विधायक चौ जिग्नू नामचूम ने इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। इस महोत्सव का उद्देश्य छात्रों को कौशल और विशेषज्ञता का आदान-प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित करना और एक मंच प्रदान करना है। तीन दिवसीय महोत्सव के दौरान खेल, सांस्कृतिक और साहित्यिक प्रतियोगिताओं की एक विस्तृत श्रृंखला आयोजित की जाएगी।

00000000000000000000

मौसम विभाग ने राज्य के वेस्ट कामेंग, लोअर सुबनसिरी, पाक्के केसांग, पापुमपारे, अपर सुबनसिरी, लोअर दिबांग वैली, अंजाव, लोहित, नामसाई, चांगलांग और लोंगडिंग जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने अगले 24 घंटों में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश और बिजली गिरने का अनुमान लगाया है।

000000000000000000000